## न्यूज डायरी



### इंडोनेशिया में भड़का ज्वालामुखी, दो किलोमीटर की ऊंचाई तक उठी राख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। करीब एक साल तक शांत रहने के बाद इंडोनेशिया का चर्चित माउंट सनिाबुंग ज्वालामुखी एक बार फिर से धधक उठा है। उत्तरी सुमात्रा के कारो में स्थित इस ज्वालामुखी इतनी राख निकल रही है कि आकाश में दो किलोमीटर ऊंचा धुएं का विशाल पहाड़ दिखाई पड़ रहा है। आलम यह है कि ज्वालामुखी से निकली राख 30 किलोमीटर दूर स्थित बेरास्तगी तक पहुंच गई है। इस इलाके से गुजरने वाले यात्री विमानों को सतर्क कर दिया गया है। जकार्ता पोस्ट अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक इस ज्वालामुखी ने शनिवार को देररात राख उगलना शुरू किया। यह करीब एक घंटे तक जारी रहा। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों को इस ज्वालामुखी की पहाड़ी से 3 किलोमीटर के दायरे से दूर रहने के लिए कहा है। अधिकारी अभी भी इसको लेकर सतर्कता बरत रहे हैं। माना जा रहा है कि ज्वालामुखी अभी और राख उगल सकता है।

### पाकिस्तान में भारी बारिश से 58 लोगों की मौत, सिंध में सेना ने संभाला मोर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पिछले तीन दिन से हो रही भारी बारिश (म्मंअल तंपद पद चंपेजंद) के कारण कम से कम 58 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि बारिश के कारण आई बाढ़ से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। इस इलाके में 19 लोगों की मौत हो गई। सिंध में 12 और लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, गिलगित बाल्टिस्तान में दस, पंजाब में आठ, बलूचिस्तान में आठ और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में एक व्यक्ति की मौत हुई है। भारी बारिश और बाढ़ की वजह से 15 और लोगों के घायल होने की खबर है। देशभर में बारिश और बाढ़ के कारण 158 घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं। 128 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### अमेरिकी मंत्री अजर ने ताइवान की राष्ट्रपति साई से की मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। अमेरिका के स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री एलेक्स अजर ने ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन से सोमवार को मुलाकात की। 1979 में ताइपे और वाशिंगटन के बीच औपचारिक कूटनीतिक संबंधों पर विराम लगने के बाद से अमेरिकी कैबिनेट के किसी अधिकारी का यह पहला उच्च स्तरीय दौरा है। राष्ट्रपति कार्यालय में साई ने पत्रकारों से कहा कि वह कोरोना वायरस महामारी से निपटने और अन्य मुद्दों पर और अधिक सहयोग की उम्मीद करती हैं ताकि हिंद प्रशांत क्षेत्र में सतत शांतिपूर्ण विकास के लिए संयुक्त रूप से योगदान दे सकें। अजर ने कोविड–19 से निपटने के ताइवान के कदमों की सराहना की ओर कहा कि इसकी सफलता ष्ताइवान के समाज और संस्कृति की खुली, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक प्रवृत्ति ष् को दर्शाती है। अजर ने कहा, '' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ताइवान के लिए मित्रता एवं मजबूत समर्थन का संदेश देने के लिए यहां आना मेरे लिए गर्व की बात है।''

### अमेरिका के उत्तर कैरोलाइना में 5.1 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** स्पार्टा (अमेरिका)। उत्तर कैरोलाइना में रविवार सुबह आठ बजकर सात मिनट पर 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। सौ साल से भी अधिक समय में यह पहली बार है जब यहां भूकंप का इतना तेज झटका आया है। ग्रीनविले में 'नेशनल वेदर सर्विस' ने बताया कि इस झटके के कुछ घंटे पहले एक छोटा झटका आया था। इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है हालांकि स्पार्टा में कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा, सड़कों में दरारें देखी गईं। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में दुकानों का सामान नीचे गिरा नजर आया। माइकल हल नाम के एक व्यक्ति ने बताया कि वह घर के पास ही खड़े थे जब उन्होंने हिरणों के झुंड को भागते देखा। उन्होंने बताया कि एक मिनट भी नहीं बीता होगा कि धरती हिलने लगी। केरल बेकर ने कहा, '' अब 2020 में मुझे कुछ भी चौंकाने वाला नहीं लगता। हालांकि एक ही हफ्ते में तूफान और फिर भूकंप, यह कुछ ज्यादा ही है।''

# लद्दाख से अरुणाचल तक हवाई हमले की ताकत जुटा रहा चीन

**चालबाज**

## बातचीत के बाद भी चीन पैंगोंग सो झील और देपसांग से हटने का नाम नहीं ले रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। भारत और चीन के बीच लद्दाख में जारी सैन्य तनाव कई दौर की वार्ता के बाद भी खत्म होने के नाम ले रहा है। एक तरफ चीन पैंगोंग सो झील और देपसांग से हटने का नाम नहीं ले रहा है, वहीं दूसरी ओर ड्रैगन उत्पात भारत से सटे अपने इलाकों में हवाई ताकत को लगातार मजबूत करने में जुट गया है। चीन ने अपने भारत से लगे हवाई ठिकानों पर परमाणु बम गिराने में सक्षम विमानों से लेकर हमलावर ड्रोन विमान तक तैनात कर दिए हैं। यही नहीं चीन नए एयरबेस भी बना रहा है।



ओपन सोर्स इंटेलिजेंस एनॉलिस्ट Detresfa की ओर से जारी सैटलाइट तस्वीर में साफ नजर आ रहा है कि चीन भारत से सटे अपने 13 एयरबेस को लगातार अपग्रेड करने में जुटा हुआ है। चीन के ये एयरबेस भारत के लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक के भारतीय इलाकों से सटे हुए हैं। चीन ने लद्दाख से सटे अपने काशी एयरबेस पर जे 11,जेएच7 और ड्रोन विमानों को तैनात कर रखा है। वहीं होटान एयरबेस पर चीन ने जे11, जे 7, अवाक्स और ड्रोन विमानों को तैनात किया है। नागरी बेस पर चीन के जे11 और ड्रोन विमान तैनात हैं।

**तशकुर्गान और केरिया में दो और एयरबेस बना रहा चीनः** इसके अलावा चीन तशकुर्गान और केरिया में दो और एयरबेस बना रहा है। इसी तरह से चीन भारत के पूर्वोत्तर से सटे अपने इलाके में स्थित हवाई ठिकानों को न केवल लगातार अपग्रेड कर रहा है, बल्कि नए एयरबेस भी बनाने में लगा हुआ है। चीन ने सिक्किम और अरुणाचल की सीमा के पास स्थित शिगेत्से हवाई अड्डे पर जेएच 7 बमवर्षक विमान और जे11/10, अवाक्स और ड्रोन विमान तैनात किए हैं। इसी तरह से गोनग्गर और गोलमुड हवाई ठिकानों पर लड़ाकू विमान तैनात कर रखे हैं।

**चीन अपने हवाई ठिकानों को कर रहा अपग्रेडः** इसके अलावा चीन कम से कम एक नया बेस बना रहा है और तीन एयरबेस को मॉर्डन सुविधाओं से लैस कर रहा है। बता दें कि अत्याधिक ऊंचाई पर स्थित होने के कारण चीन इस इलाके में हवाई शक्ति के मामले में भारत से कमजोर है। जबकि भारतीय एयरबेस निचले क्षेत्र में हैं जहां से वे अपनी पूरी क्षमता के साथ चीन के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि कश्मीर और लेह के आसपास चीन की बढ़ती हवाई हमले की तैयारी यह बताती है कि ड्रैगन पूरे नॉर्थ इंडिया पर अपना हवाई प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है। साथ ही यह भी दर्शाता है कि चीन और पाकिस्तान की एयरफोर्स में भारत के खिलाफ गठजोड़ हो गया है। उन्होंने कहा कि चीन अब पूर्वोत्तर भारत में ड्रोन ठिकाने तैयार कर रहा है। इसके जवाब में भारत को सैन्य ठिकानों को और ज्यादा मजबूत करना होगा ताकि चीन की चुनौती का जवाब दिया जा सके।

## न्यूजीलैंड से कोरोना का खात्मा 100 दिनों से नहीं आया केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेलिंगटन। पूरी दुनिया कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए जूझ रही है। ऐसे में न्यूजीलैंड एक मिसाल की तरह उभर कर सामने आया है। यहां पिछले 100 दिनों से घरेलू स्तर पर संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है। न्यूजीलैंड में मार्च के अंत में सख्ती से लॉकडाउन लागू कर संक्रमण को पूरी तरह काबू कर लिया गया था। उस समय यहां सिर्फ 100 लोग ही वायरस से संक्रमित थे।

रविवार को यहां घरेलू स्तर पर संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आने के 100 दिन पूरे हो गए। न्यूजीलैंड में पिछले तीन महीने से केवल चंद लोग ही संक्रमित पाए गए हैं। इनमें भी ऐसे लोग हैं, जो विदेशों से लौट रहे हैं। उन्हें सीमा पर ही आइसोलेशन में भेज दिया गया है। 'यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो' में महामारी विशेषज्ञ प्रफेसर माइकल बेकर ने कहा, यह अच्छे विज्ञान और बेहतरीन राजनीतिक नेतृत्व का कमाल है। यदि आप दुनियाभर में देखें, तो जिन देशों ने संक्रमण को काबू पाने में सफलता हासिल की है, वहां आमतौर पर इन दोनों चीजों का संगम है। कोरोना पर पूरी तरह काबू पाने के लिए न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न के नेतृत्व की हर तरफ तारीफ हो रही है।



## ताइवान पर कब्जे की तैयारी जुटी चीनी सेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चीन। दक्षिण चीन सागर में चीन और ताइवान के बीच तनाव गहराता जा रहा है। इस बीच सैटलाइट से मिली तस्वीरों में खुलासा हुआ है कि चीन की सेना ने ताइवान पर कब्जे की तैयारी और तेज कर दी है। चीन ने ताइवान के तट के पास पानी और जमीन दोनों पर ही चलने में सक्षम जंगी जहाज और मोबाइल मिसाइल लॉन्चर तैनात किए हैं। चीन ने अभी कुछ दिन पहले ही परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मिसाइल का परीक्षण भी किया था। यही नहीं चीन लगातार ताइवान के एयरस्पेस में अपने फाइटर जेट भेज रहा है। ताइवान पर मंडराते खतरे को देखते हुए अमेरिकी नौसेना ने भी इस इलाके में अपनी गश्त बढ़ा दी है। चीन का कहना है कि ताइवान उसका हिस्सा है और वह हर कीमत पर उसे अपने साथ मिलाकर रहेगा।

## पीएम ओली की अकड़ पड़ी ढीली भारत से दोस्ती के तलाश रहे रास्ते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। चीन की शह पर एक के बाद एक भारत विरोधी कदम उठाने वाली नेपाल की केपी शर्मा ओली सरकार की अकड़ ढीली पड़ती जा रही है। भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद जारी है। भारत के सख्त रुख के बाद अब नेपाल की ओली सरकार विशेषज्ञों से सुझाव ले रही है कि किस तरह से भारत को बातचीत के लिए मनाया जा सके।

नेपाल सरकार ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब सीमा, अयोध्या और बुद्ध को लेकर विवाद बढ़ गया है। यही नहीं नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली बीजेपी और आरएसएस के जरिए

**बीजेपी और आरएसएस के जरिए मोदी सरकार को मनाने में जुटे**

मोदी सरकार को मनाने में जुटे हुए हैं। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खिलाफ लगातार बयानबाजी करने वाले नेपाली विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञवली ने पिछले कुछ सप्ताह के अंदर कई पूर्व मंत्रियों, राजनयिकों और विशेषज्ञों से भारत को वार्ता की मेज पर लाने के लिए सलाह ली है। नेपाली विदेश मंत्री ज्ञवली ने भी इसकी पुष्टि की है कि भारत के साथ बातचीत के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

**भारत के साथ बातचीत शुरू करने के लिए प्रयास जारीः** ज्ञवली ने कहा, काठमांडू और नई दिल्ली में भारत के साथ बातचीत शुरू करने के लिए प्रयास जारी हैं लेकिन इसके परिणाम के आने में अभी और समय लगेगा। नेपाली विदेश मंत्री के तमाम प्रयासों के बाद भी अभी यह फैसला नहीं हो पाया है कि किस तरह से भारत के साथ बातचीत की दिशा में आगे बढ़ना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नेपाल के नए नक्शे में कालापानी, लिपुलेख और लिपयाधुरा को शामिल किए जाने के बाद भारत बातचीत के प्रति कोई उत्साह नहीं दिखा रहा है। भारत का कहना है कि ये तीनों ही इलाके उसका हिस्सा हैं। भारत और नेपाल दोनों ने ही यह कहा है कि वे बातचीत के जरिए मुद्दे के समाधान के इच्छुक हैं।

## लाहौर की मस्जिद में डांस पर दो अधिकारी सस्पेंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब सूबे की सरकार ने लाहौर में स्थित ऐतिहासिक वजीर खान मस्जिद में पाकिस्तानी अभिनेत्री सबा कमर को म्यूजिक वीडियो शूट करने की अनुमति देने वाले दो अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। यही नहीं मस्जिद की पवित्रता को भंग करने के आरोप में सबा कमर और गायक बिलाल सईद के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने के लिए अर्जी दी गई है। यह वही सबा कमर हैं जिन्होंने बॉलिवुड फिल्म हिंदी मीडियम में काम किया था। पंजाब प्रांत के औकफ और मजहबी मामलों के मंत्री सईद हसन शाह ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, हमने औकफ विभाग के दो अधिकारियों– निदेशक और सहायक निदेशक को निलंबित कर दिया है। उन्हें कथित तौर पर वजीर खान मस्जिद में वीडियो बनाने के लिए निलंबित किया गया है। मामले के संबंध में जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों को सजा दी जाएगी। शाह ने कहा कि वजीर खान मस्जिद की पवित्रता भंग करने का अधिकार किसी को नहीं है। आलोचना और सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद अभिनेत्री सबा कमर ने माफी मांगी है।